(b) whether there is any proposal to revise the cost/estimate of the Hazira Fertilizer Plant; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI BUTA SINGH): (a) The average supply of rail wagons has been less than the requirement.

(b) and (c) Yes, Sir. There is likely to be a substantial saving in the cost of the Project, due to exemption of custom duty on import of equipment, competitive bidding and close monitoring of finances.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राजभाषा का प्रयोग

395. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री 14 मार्च, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1946 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी किये गये 1985-86 के वर्ष के केन्द्र की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी वार्षिक कार्यक्रम के पृष्ठ 10 पर इस आशय के दिये गये मद (च) की ओर दिलाया गया है कि विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के हिन्दी अनुभागों को छोड़कर वहां के कम से कम एक अनुभाग में शत प्रतिशत कार्य हिन्दी में किया जाना चाहिए ताकि अन्य अनुभाग इससे प्रेरणा ले सकें और यदि हां, तो इसे लागू न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार इस मद को लागू करने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक और किस प्रकार ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी. एन. गाडगिल) : (क) और (ख) जी, हां। तथापि, इस मंत्रालय के किसी भी अनुभाग में शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में करना संभव नहीं है, क्योंकि मंत्रालय के किसी भी अनुभाग के सभी कर्मचारी न तो हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त हैं और न ही हिन्दी में कार्य करने में अभ्यस्त हैं। तथापि मंत्रालय के कतिपय विषयों को विनिर्दिष्ट किया गया है जिनका निपटान करने के लिए जटिल एवं आपवादिक मामलों को छोड़कर हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों से केवल हिन्दी का प्रयोग करने के लिए कहा गया है। उम्मीद है इससे मंत्रालय में हिन्दी के प्रयोग में प्रगति होगी।

गंगा नदी पर निर्माणाधीन सिंचाई योजनाएं

396. **डा. बापू कालदाते** : क्या **खान संसाधन मंत्री** 28 फरवरी, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 539 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा नदी पर निर्माणाधीन बड़ी और 5 छोटी सिंचाई योजनाओं के लिये योजनावार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई है ;

(ख) प्रत्येक परियोजना की प्रगति किस स्तर पर है तथा उपर्युक्त योजनाओं से कब तक सिंचाई सुविधा के उपलब्ध होने की संभावना है ;

(ग) डकरानाला पंप, चरण-1 (बिहार) का पूरा ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या गंगा नदी के दियारा क्षेत्र में बड़ी संख्या में रहने वाले सीधे साधे तथा आवश्यक सुविधाओं से वंचित लोगों के पुनर्वास के लिये कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

जल संसाधन मंत्री (श्री वी. शंकरानन्द): (क) और (ख) गंगा पर 7 बृहद तथा 5